राजस्थान सरकार

# श्रीयादे माटी कला बोर्ड

(कार्यालय आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग)

314—315, तृतीय तल, उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर

## नि:शुल्क विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन प्राप्त करने हेतु आवेदन की सूचना

बजट घोषणा वर्ष 2024—25 के बिन्दू संख्या 31 (II) के तहत माटी कला दस्तकारों/कामगारों के उत्थान हेतु 1000 विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीनें (पगमील) निःशुल्क उपलब्ध करायी जानी है। जिन्हें प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र एसएसओ आईडी के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

## ऑनलाइन आवेदन से संबंधित जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ तिथि | 20 दिसम्बर, 2024 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 03 जनवरी, 2025 |
| 3. | आवश्यक अर्हता/पात्रता | 1. आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे ऊपर हो<br>2. पूर्व में सरकारी योजनान्तर्गत चाक/मिट्टी गूंथने की मशीन प्राप्त किया हुआ ना हो |
| 4. | प्राथमिकता | 1. दिव्यांग<br>2. एकल/परित्यक्ता/विधवा महिला<br>3. 5 या अधिक व्यक्तियों का समूह |
| 5. | दस्तावेज | 1. जनाधार कार्ड/राशनकार्ड<br>2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र<br>3. दिव्यांग प्रमाण पत्र |

- आवेदक ऑनलाइन आवेदन एसएसओ आईडी के माध्यम से ई—मित्र अथवा अन्य इंटरनेट कियोस्क/कैफे के माध्यम से अथवा घर बैठे स्वयं कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से भी अपना ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं।
- आवेदन पत्र **महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र/राजपत्रित अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी/पटवारी/उद्योग प्रसार अधिकारी** द्वारा सत्यापित करवाकर अपलोड करवाना अनिवार्य है (इसके लिए आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी पोर्टल अथवा वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है)।
- बोर्ड द्वारा निर्धारित समय में ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में से 1000 मशीनों के लिए पात्र आवेदकों का जिलेवार/संभागवार, प्राथमिकता एवं श्रेणीनुसार लॉटरी द्वारा चयन किया जायेगा।
- चयनित आवेदकों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु बोर्ड द्वारा सूचित किया जावेगा। मशीन प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा—निर्देश बोर्ड की वेबसाइट WWW.SMKB.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखे जा सकते हैं।

राजस्थान संवाद

size 20hx12